कुछ पाने के बाद समाज को लौटाना बड़ा मुश्किल : रूडी

नई दिल्ली, 14 जनवरी (ब्यूरो): समाज में जरूरतमंदों के लिए जीने वाले 9 व्यक्तियों और 10 संगठनों को जेएसपीएल फाऊंडेशन द्वारा बीरवार को कमानी सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसिद्ध सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) की चेयरपर्सन ऐमेरिटस सावित्री जिंदल, जेएसपीएल के चेयरमैन नवीन जिंदल व जेएसपीएल फाऊंडेशन की अध्यक्ष शालू जिंदल भी उपस्थित रहे। प्रोग्राम में रुडी ने कहा कि समाज से



जेएसपीएल फाऊंडेशन द्वारा बीरवार को कमानी सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसिद्ध सम्मान का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस के नवीन जिंदल और भाजपा के राजीव प्रताप रूडी भी शरीक हुए। फोटो : निपुण चान्ना

कुछ पाने के बाद वापस लौटाना बड़ा मुश्किल होता है। इंसान के अंदर संवेदना होनी चाहिए। सम्मानित सदस्यों को प्रशस्ति पत्र के साथ एक लाख रुपए का चैक प्रदान किए गए।

जमीनी स्तर पर अनुकरणीय कार्य करने वाले 9 व्यक्तियों और 10 संगठनों को सम्मानित करते वक्त उन पर फिल्माई छोटी डॉक्यूमैंट्री भी सभागार में दिखाई गई। कार्यक्रम में शालू जिंदल ने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्य करने वालों को शायद ही कभी पहचान मिलती है। जेएसपीएल फाऊंडेशन ने इस साल से राष्ट्रीय स्वयंसिद्ध सम्मान शुरू कर के इसी कमी को पूरा करने की कोशिश की है।

राष्ट्रीय स्वयंसिद्ध सम्मान के लिए देशभर से 358 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं। 22 सितम्बर 2015 से 10 नवम्बर 2015 तक ये प्रविष्टियां आईं। इनमें से 203 को शार्ट लिस्ट किया गया। सबसे अधिक 41 प्रविष्टियां महाराष्ट्र से प्राप्त हुईं। इसके अलावा लद्दाख, असम, मिजोरम व त्रिपुरा जैसे दूर-दराज के राज्यों से भी लोगों ने इसमें भाग लिया। 27 नवम्बर को राष्ट्रीय ज्यूरी ने विजेताओं का चयन किया।

ये हुए सम्मानित

अंकुर सिंह	पर्यावरण क्षेत्र
च्वांग नॉर्फिल	तकनीकी क्षेत्र
डॉ. सुनील श्राफ	स्वास्थ्य क्षेत्र
पटेल दरघाभाइ	कृषि क्षेत्र
ज्ञानेंद्र व मोनिका	सोशल सर्विस
एनएच सितल्हू	वोकेशनल स्किल
राहुल वसंत	शिक्षा क्षेत्र
रेणु डी. सिंह	महिला उत्थान
भास्कर और आनंद	ग्रामीण क्षेत्र